गणित

अध्याय-1: संबंध एवं फलन

संबंध (Relation)

निम्न वाक्यों पर विचार कीजिए-

i. दिल्ली भारत की राजधानी है।

ii. श्रीमती इन्दिरा गाँधी पं. जवाहर लाल नेहरू की पुत्री थीं।

iii. 10,2 से विभाज्य है।

iv. x,y का घन है।

उपर्युक्त वाक्य ऐसे हैं जिन्हें हम दैनिक प्रयोग में लाते हैं। इनमें से प्रत्येक में दो अवयव हैं जो एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं। ये संबंध पृथक्-पृथक् वाक्यों में पृथक्-पृथक् हैं। पहले वाक्य में "राजधानी है"दूसरे में "पुत्री थीं", तीसरे में "विभाज्य है", तथा चौथे में "घन है" संबंध दिये गये हैं। .. यदि प्रत्येक वाक्य में दिये गये अवयवों में एक को x व दूसरे - कोy से दर्शाया जाय तथा उपस्थित संबंध को R से दर्शाया जाय तो प्रत्येक वाक्य को x Ry का रूप दिया जा सकता है तथा इस प्रकार इन वाक्यों को व्यापक बनाया जा सकता है।

वाक्य	प्रथम अवयव x	संबंध R	द्वितीय अवयव y
(i)	दिल्ली	राजधानी है	भारत की
(ii)	श्रीमती इन्दिरा गाँधी	पुत्री थीं	पं. जवाहर लाल नेहरू की
(iii)	10	विभाज्य है	2 से
(iv)	x	घन है	y का

अतः xRy का अर्थ हुआ xy से संबंध R द्वारा जुड़ा है।

अब हम इन संबंधों के बारे में अधिक जानकारी हेतु समुच्चय A = {1,2,3} पर विचार करते हैं।

कार्तीय गुणनफल की परिभाषा से,

AxA= {(1,1), (1,2),(1,3),(2,1),(2,2),(2,3),(3,1),(3,2),(3,3)}

मान लीजिए कि संबंध R,R, व R क्रमशः <=> को प्रदर्शित करते हैं। तब,

(i) संबंध R_1:

xR_1Y

$x<y$

यहाँ $1R_1 2$, $1R_1 3$, $2R_1 3$

क्योंकि 1<2, 1<3,2<3

यदि R_1, R_1, संबंध को सन्तुष्ट करने वाले क्रमित युग्मों के समुच्चय को निरूपित करता है, तो

R= {(1,2), (1,3), (2,3)}.

(ii) संबंध R_2:

$x R_2 y$

$x=y$

यहाँ $1 R_2 1$, 2R 2, $3R_2 3$

क्योंकि 1 = 1, 2 = 2, 3=3

यदि R_2, R_2, संबंध को सन्तुष्ट करने वाले क्रमित युग्मों के समुच्चय को निरूपित करता है, तो

R_2 = {(1, 1), (2, 2), (3,3)}.

(iii) संबंध R_3:

xR_3y

$x>y$

यहाँ $2R_3 1$, $3R_3 1$, $3R_3 2$

क्योंकि 2 >1,3>1,3>2

यदि R_3, R_3, संबंध को सन्तुष्ट करने वाले क्रमित युग्मों के समुच्चय को निरूपित करता है, तो

$R_2 = \{(1, 1), (2, 2), (3, 3)\}.$

उदाहरण 1.

माना A = {1,2,3,4,5,6} तथा R,A में संबंध इस प्रकार है कि R = {(a,b): a-b=2}

तब R= { (3, 1), (4, 2), (5, 3), (6, 4)} स्पष्ट है कि 3 R 1, 4R2, 5 R3 तथा 6 R 4.

उदाहरण 2.

माना प्राकृत संख्याओं के समुच्चय N पर संबंध R,a+3b = 12 से परिभाषित है।

तो R= {(a, b): aEN,BEN, a+3b = 12}

= {(9,1),(6,2), (3,3)}

= 9R1,6R2,3R3.

प्रतिलोम संबंध (Inverse Relation)

मान लीजिए कि R,A से B में एक संबंध है, जहाँ

R= {(x,y):x ∈ A,Y ∈ B}

तो संबंध R का प्रतिलोम संबंध वह समुच्चय है जो R के प्रत्येक क्रमित युग्म के अवयवों को परस्पर बदल देने से प्राप्त होता है। इसे R^{-1} से निरूपित किया जाता है।

इस प्रकार,

R^{-1} = {(y,x):y ∈ B,x ∈ A तथा (x,y) ∈ R}

स्पष्ट है कि (x,y) ∈ R = (y,x) ∈ R^{-1}

परिसर R^{-1} = डोमेन R तथा डोमेन R^{-1} = परिसर

उदाहरण : मान लीजिए कि

A = {1,2,3} तथा B = {a, b,c}

पुनः मान लीजिए कि A से B में कोई संबंध R इस प्रकार है

R = {(1,a),(2,b), (3,c)}

तब R^{-1} = {(a, 1), (b,2),(c,3)}.

संबंधों के प्रकार (Types of Relations)

(1)रिक्त संबंध (Empty or void relation): समुच्चय A पर परिभाषित संबंध R एक रिक्त संबंध कहलाता है यदि का कोई भी अवयव A के किसी भी अवयव से संबंधित नहीं है।

अर्थात् $R = \phi \subset A \times A$

मान लीजिए कि किसी बालकों के स्कूल के सभी विद्यार्थियों का समुच्चय है। संबंध R = { (a, b): a, b की बहन है } क्योंकि स्कूल बालकों का है अतएव स्कूल का कोई भी विद्यार्थी स्कूल के किसी भी विद्यार्थी की बहन नहीं हो सकता है।

RE = ϕ

स्पष्ट है कि R एक रिक्त संबंध है।

(2) सार्वत्रिक संबंध (Universal Relation) : समुच्चय A पर परिभाषित संबंध R एक सार्वत्रिक संबंध कहलाता है यदि A का प्रत्येक अवयव A के सभी अवयवों से संबंधित है; अर्थात्

$R = A \times A.$

संबंध R = { (a, b): a तथा b की ऊँचाइयों का अंतर 3 मीटर से कम है } पर विचार करते है। किन्हीं भी दो विद्यार्थियों की ऊँचाइयों का अंतर 3 मीटर से कम होना ही चाहिए। स्पष्ट है कि $R = A \times A$ एक सार्वत्रिक संबंध है।

उदाहरण 1.

माना R = {(a,a^3):a,5 से छोटी अभाज्य संख्या है} R का परिसर ज्ञात कीजिए।

हल : R = {(a,a^3):a, 5 से छोटी अभाज्य संख्या है।

R = {(2,8)(3,27)}

R का परिसर = {8,27}

उदाहरण 2. यदि N पर R = {(x,y): x + 2y = 8} एक संबंध है, तो R का परिसर लिखिए।

हल : xRy=x,y $\in$ N और x + 2y = 8

जब $x=1$ तब $y=\frac{3}{2}\notin N$

जब $x=2$ तब $y=3$

जब $x=3$ तब $y=\frac{5}{2}\notin N$

जब $x=4$ तब $y=2$

जब $x=5$ तब $y=\frac{3}{2}\notin N$

जब $x=6$ तब $y=1$

जब $x=7$ तब $y=\frac{1}{2}\notin N$

जब $x=8$ तब $y=0\notin N$

R = {(2,3) (4,2)(6, 1)}

R का परिसर = {1,2,3}.

उदाहरण 3. दर्शाइए कि R= {(1,2) (2,1)} द्वारा दिए गए समुच्चय {1, 2, 3} में संबंध R समिमित है परन्तु न तो स्वतुल्य है और न ही संक्रमक है।

हल : (1,1) ∉ R,(2,2) ∉ R तथा (3,3) ∉ R इसलिए R स्वतुल्य नहीं है।

(1,2) ∉ R= (2,1) ∉ R

अत: R सममित होगा।

(1,2) ∉ R,(2,1) ∉ R = (1,1) ∉ R

R अत: R संक्रमक नहीं है।

फलन (Function)

जब दो राशियाँ इस प्रकार हों कि उनमें से एक के मान में परिवर्तन करने पर दूसरे के मान में भी परिवर्तन हो, तो ऐसी राशियाँ सम्बद्ध (related) राशियाँ कहलाती हैं।

यदि दो चर x और y इस प्रकार सम्बन्धित हों कि x के प्रत्येक मान के लिए y का एक निश्चित मान प्राप्त हो, तो y को x का फलन कहते हैं। इसे y=f(x) लिखते हैं।

जैसे- (i) वृत्त का क्षेत्रफल $A = \pi r^2$, वृत्त की त्रिज्या r का फलन है।

(ii) त्रिकोणमितीय अनुपात $\sin x$, $\cos x$, $\tan x$ ....x के फलन हैं।

फलन एक नियम होता है जो दो समुच्चयों के बीच संगतता (Correspondence) स्थापित करता है।

प्रतिचित्रण अथवा फलन (Mapping or Function)

यदि किसी समुच्चय A के प्रत्येक अवयव को किसी नियम अथवा निर्देश के द्वारा समुच्चय B के किसी विशिष्ट अर्थात् अद्वितीय अवयव से सम्बन्धित किया जाय तो इस नियम अथवा निर्देश को प्रतिचित्रण अथवा फलन कहते हैं।

यदि प्रतिचित्रण के अन्तर्गत A के अवयवx के संगत B का अवयवy हो तो इस तथ्य को सूक्ष्म भाषा में y=f(x) से प्रदर्शित करते हैं तथाy को x का प्रतिबिम्ब (image) कहते हैं और x को yका पूर्व-प्रतिबिम्ब (pre-image) कहते हैं।

A →B की परिभाषा (Definition of f:A→ B)

माना A तथा B दो अरिक्त समुच्चय हैं। फलन f,A से B में एक संबंध है। यदि प्रत्येक अवयव $a \notin A$ के लिये अद्वितीय $b \notin B$ का अस्तित्व है जिससे $(a,b) \notin f$ तो b को f के अंतर्गत a का प्रतिबिम्ब (image) कहते हैं। a को f के अंतर्गत b का “पूर्व प्रतिबिम्ब" कहते हैं।

फलन A से B को f:A→ B से निरूपित करते हैं।

प्रान्त, सह-प्रान्त तथा परिसर (Domain, co-domain and range)

f:A→ B में निर्देश f को A से B में प्रतिचित्रण (mapping) कहते हैं। प्रतिचित्रण f A→ B में समुच्चय A,f का डोमेन तथा समुच्चय B f का सह-डोमेन तथा B के सभी अवयव जोA के प्रतिबिम्ब हैं, f का परिसर कहलाते हैं।

यदि A= {-2,-1, 1,3,4,}

तथा B= {-7,-4, 1,4,9} तथा f(x)= तोA से B में f

का प्रतिचित्रण इस प्रकार होगा-



प्रतिचित्रण f:A→ B में,

समुच्चय A,f का डोमेन

समुच्चय B,f का सह-डोमेन

तथा B के सभी अवयव जो A के प्रतिबिम्ब हैं f का परिसर कहलाते हैं।

टिप्पणी-प्रतिचित्रण f:AB, के लिए

- यह आवश्यक है कि डोमेन A के प्रत्येक अवयव के संगत सह-डोमेन B का एक अद्वितीय अवयव हो।
- यह आवश्यक नहीं है कि B का प्रत्येक अवयव,A के किसी न किसी अवयव का प्रतिबिम्ब हो।

प्रतिचित्रण के प्रकार (Types of Mapping)

(i) आच्छादक प्रतिचित्रण (Onto or Surjective Mapping) : यदि प्रतिचित्रण के सह-डोमेन का प्रत्येक अवयव डोमेन के किसी-न-किसी अवयव का प्रतिबिम्ब हो तो ऐसे प्रतिचित्रण को आच्छादक प्रतिचित्रण कहते हैं।

प्रतीकात्मक रूप में,

f:A→B आच्छादक होगा यदि f (A)= B, अर्थात् प्रतिचित्रण का परिसर तथा सह-डोमेन एक ही समुच्चय हो।

उदाहरण- मान लीजिए कि A= {a, b, c,d,e},

B= {1,2,3,4}

तथा f:A→B निम्न चित्रानुसार है :



$f: A \to B$

f(A)= {1,2,3,4} = B

उपर्युक्त चित्र में हम देखते हैं कि सह-डोमेन B का कोई अवयव ऐसा नहीं है जो डोमेन A के किसी-न-किसी अवयव का प्रतिबिम्ब न हो।

अत : प्रतिचित्रण आच्छादक है।

यहाँ f = {(a, 4), (b, 1), (c, i), (d, 3), (e, 2)}.

(ii) अन्त:क्षेपी प्रतिचित्रण (Into Mapping) : यदि किसी प्रतिचित्रण के सह-डोमेन में एक या एक से अधिक अवयव ऐसे हैं जो डोमेन के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं हैं, तो ऐसे प्रतिचित्रण को अन्तःक्षेपी प्रतिचित्रण कहते हैं।

प्रतीकात्मक रूप में,

f:A→ B अन्तःक्षेपी होगा यदि f(A) + B.

टिप्पणी- स्पष्टत: यदि कोई प्रतिचित्रण आच्छादक है तो वह अन्तःक्षेपी नहीं होगा और यदि वह अन्तःक्षेपी है तो आच्छादक नहीं होगा।

उदाहरण : मान लीजिए कि

$A = \{1,3,4,5\}$

$B = \{x,y,z,t\}$

तथा $f:A\rightarrow B$ निम्न चित्रानुसार है -



$f: A \rightarrow B$

तब, $f = \{(1,y),(3,t),(4,x),(5,y)\}$

इस चित्र में हम देखते हैं कि सह-डोमेन B में : एक ऐसा अवयव है, जो डोमेन के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है। अतः यहाँ प्रतिचित्रण अन्तःक्षेपी है।

यहाँ $f(A) = \{x,y,t\} \subseteq B$.

(iii) एकैकी प्रतिचित्रण (One -one Mapping) : यदि किसी प्रतिचित्रण में डोमेन के भिन्न-भिन्न अवयवों के प्रतिबिम्ब सर्वथा भिन्न-भिन्न हों, तो ऐसे प्रतिचित्रण को एकैकी प्रतिचित्रण कहते हैं। प्रतीकात्मक रूप में,

$f:A\rightarrow B$ एकैकी प्रतिचित्रण होगा यदि

$$x_1 \neq x_2 \Rightarrow f(x_1) \neq f(x_2), \forall x_1, x_2 \in A$$

दूसरे शब्दों में, कोई प्रतिचित्रण एकैकी प्रतिचित्रण होगा यदि डोमेन के किन्हीं दो अवयवों का प्रतिबिम्ब एक ही हो, तो वे अवयव भी एक ही होंगे अर्थात्

$f(x_1) = f(x_2) = x_1 = x_2, \forall x_1 X_2 \in A.$

उदाहरण : मान लीजिए कि

$A = \{3,5,8,9\}$

B= {a,b,c,d}

तथा f:A→ B निम्न चित्रानुसार है :



f= {(3, b), (5.a),(8,d),(9,c)}

उपर्युक्त चित्र में हम देखते हैं कि डोमेन 4 के भिन्न-भिन्न अवयवों के प्रतिबिम्ब भी भिन्न-भिन्न हैं। अत: यहाँ प्रतिचित्रण f एकैकी है।

(iv) बहु-एक प्रतिचित्रण (Many-one Mapping) : यदि किसी प्रतिचित्रण में दो या दो से अधिक अवयवों का प्रतिबिम्ब एक ही अवयव हो, तो ऐसे प्रतिचित्रण को बहु-एक प्रतिचित्रण कहते हैं। प्रतीकात्मक रूप में,

f: A + B बहु-एक प्रतिचित्रण होगा, यदि के कम-सेकम दो भिन्न अवयवों x_1x_2 x के लिए

$f(x_1) = f(x_2)$

टिप्पणी- स्पष्टत: यदि कोई प्रतिचित्रण एकैकी है तो वह बहु-एक नहीं होगा और यदि बहु-एक है तो एकैकी नहीं होगा।

उदाहरण : यदि A=(4,6,7,9},B = {5,8,1}

तथा f:A=B निम्न चित्रानुसार है:



$f: A \rightarrow B$

तब,f= {(4,5),(6,5),(7.8), (9, 10}

उपर्युक्त चित्र में हम देखते हैं कि के दो अवयवों 446 का B में एक ही प्रतिबिम्ब 5 है। अत: यहाँ प्रतिचित्रण f बहु-एक है।

(v) अचर प्रतिचित्रण (Constant Mapping) : यदि किसी प्रतिचित्रण में डोमेन के समस्त अवयवों का प्रतिबिम्ब एक ही हो, तो ऐसे प्रतिचित्रण को अचर प्रतिचित्रण कहते हैं।

उदाहरण :मान लीजिए कि A={4.6,9,7},B = {1,2}

तथा f: A+ B अग्र चित्रानुसार है



$f: A \rightarrow B$

तब, उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि डोमेन A के प्रत्येक अवयव का प्रतिबिम्ब 1 है। अत: F एक अचर प्रतिचित्रण है।

टिप्पणी-अचर प्रतिचित्रण का परिसर एकल समुच्चय होगा।

(vi) एकैकी अन्त:क्षेपी प्रतिचित्रण (One-one Into or Injective Mapping)- यदि कोई प्रतिचित्रण अन्त:क्षेपी है तथा एकैकी भी, तो उसे एकैकी अन्त: क्षेपी प्रतिचित्रण कहते हैं।

उदाहरण : यदि -{1,2,3},B= {a,b.c,d)

तथा f=A,B इस प्रकार है कि

F = {(1,a),(2.b), (3,C)}



$f: A \rightarrow B$

एकैकी अन्त:क्षेपी प्रतिचित्रण है। यह प्रतिचित्रण अन्तःक्षेपी है, क्योंकि B का एक अवयव ऐसा है जो A के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है तथा एकैकी है क्योंकि के भिन्न-भिन्न अवयवों के B में भिन्न-भिन्न प्रतिबिम्ब हैं।

(vii) एकैकी आच्छादक प्रतिचित्रण (One-one Onto or Bijective Mapping) : यदि कोई प्रतिचित्रण एकैकी भी है तथा आच्छादक भी, तो उसे एकैकी आच्छादक प्रतिचित्रण कहते हैं।

उदाहरण- यदि = {a, b,c), B = {1,2,3) तथा f:4B इस प्रकार है कि

f-{(a, 1), (b, 2), (c,3)}



$f: A \rightarrow B$

f:4→B एकैकी आच्छादक प्रतिचित्रण है। यह : प्रतिचित्रण एकैकी है क्योंकि A के भिन्न-भिन्न अवयवों के B में भिन्न-भिन्न प्रतिबिम्ब हैं तथा B का प्रत्येक अवयव A के किसी न किसी अवयव का प्रतिबिम्ब है।

(viii) बहु-एक अन्त:क्षेपी प्रतिचित्रण (Many-one Into Mapping)- यदि कोई प्रतिचित्रप बहु-एक भी हो और अन्तःक्षेपी भी हो, तो उसे बहु-एक अन्त:क्षेपी प्रतिचित्रण कहते हैं।

उदाहरण- यदि= {a, b, c,d} तथा B = {1,2,3,4} तथा f:4 Bइस प्रकार है कि

f= {(a, 1), (b, 1), (c, 1), (d, 2)}



$f: A \rightarrow B$

तब $f:A \rightarrow B$ बहु-एक अन्तःक्षेपी प्रतिचित्रण है। यह प्रतिचित्रण बहु-एक है क्योंकि के तीन भिन्न-भिन्न अवयवों a,b, का B में एक ही प्रतिबिम्ब 1 है तथा अन्तःक्षेपी है क्योंकि B के दो अवयव 3 और 4 ऐसे हैं जो समुच्चय के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

(ix) बहु-एक आच्छादक प्रतिचित्रण (Many- one Onto Mapping) : यदि कोई प्रतिचित्रण बहु-एक भी है और आच्छादक भी, तो उसे बहु-एक आच्छादक प्रतिचित्रण कहते हैं।

उदाहरण-यदि

A={1,2,3,4,5),B-16,7,8} तथा J:A B इस प्रकार है कि

f-{(1,6),(2,6),(3,6),(4,7), (5,8)}



$f: A \rightarrow B$

तो f:A B बहु-एक आच्छादक प्रतिचित्रण है। यह प्रतिचित्रण बहु-एक है क्योंकि के तीन भिन्न अवयवों 1,2,3 का B में प्रतिबिम्ब एक ही अर्थात् 6 है तथा आच्छादक है क्योंकि B का प्रत्येक अवयव के किसी न किसी अवयव का प्रतिबिम्ब है।

उदाहरण

उदाहरण 1. R वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है तथा प्रतिचित्रण f:R,R जहाँ $f(x)=e^x, x \in R$ द्वारा परिभाषित है तो सिद्ध कीजिए कि/ एकैकी प्रतिचित्रण है।

हल :

मानलो $x_1, x_2 \in R$

$$f(x_1)=e^{x_1} \quad \text{तथा} \quad f(x_2)=e^{x_2}$$

$$f(x_1)=f(x_2)$$

$$e^{x_1}=e^{x_2}$$

$$x_1=x_2$$

अतः प्रतिचित्रण/ एकैकी है। यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 2. निम्नलिखित फलनों की एकैक (Injective) तथा आच्छादी (Surjective) गुणों की जाँच कीजिए-

(i) $f(x)-x^2$ द्वारा प्रदत्त f:N,N फलन है।

(ii) $f(x)-x^2$ द्वारा प्रदत्त f:z,z फलन है।

हल : (i) दिया गया फलन f:N+N,

f(x) =x,vxEN फलन का डोमेन प्राकृत संख्या तथा सह-डोमेन भी प्राकृत संख्या है।



डोमेन A = {1,2,3,4,........}

सह-डोमेन B= {1,2,3,4,.........}

माना x_1, x_2 EN इस प्रकार है कि

$$f(x_1)=f(x_2)$$
$$x_1^2=x_2^2$$
$$(x_1^2-x_2^2)=0$$
$$(x_1-x_2)(x_1+x_2)=0$$
$$x_1=x_2 \text{ तथा } x_1=-x_2,$$
(असंभव है x_1, x_2 प्राकृत संख्या है।)

यहाँ f(x) = f(x) =x

दिया गया फलन एकैकी है।

सह-डोमेन में एक अवयव 2EN लेते हैं

$$y=x^2$$
$$x^2=2 \Rightarrow x=\sqrt{2} \notin N$$

सह-डोमेन के अवयव 2 का डोमेन A में इसका कोई भी पूर्व प्रतिबिम्ब नहीं है।

अर्थात् रेंज सह-डोमेन का उपसमुच्चय होगा।

अतः आच्छादक नहीं है।

अत: एकैकी फलन है लेकिन आच्छादक फलन नहीं है।

उत्तर

(ii) दिया गया फलन $f:z \rightarrow z, f(x)=x^2$ फलन का डोमेन पूर्णांक संख्या तथा सह-डोमेन भी पूर्णांक संख्या है।



डोमेन A={-∞ ....-4,-3,-2,-1,0,1,2,3,.......∞}

सह-डोमेन B= {-∞........-4,-3,-2,-1,0,1,2,3,.....∞}

माना $x_1, x_2 \in I$ इस प्रकार है कि

$$f(x_1) = f(x_2)$$
$$x_1^2 = x_2^2$$
$$(x_1^2 - x_2^2) = 0$$
$$(x_1 - x_2)(x_1 + x_2) = 0$$
$$x_1 = x_2 \text{ तथा } x_1 = -x_2$$

यहाँ $f(x_1) = f(x_2) \Rightarrow x_1 \neq x_2$

अर्थात् डोमेन A के दो अवयवों के प्रतिबिम्ब समान हैं।

जैसे— $f(x) = x^2$

$$f(-1) = (-1)^2 = 1$$
$$f(1) = (1)^2 = 1$$

डोमेन A के अवयव-1 और 1 का प्रतिबिम्ब 1 है अत: दिया गया फलन एकैकी नहीं है।

सह-डोमेन में एक अवयव 36 I लेते हैं

$$y = x^2$$
$$x^2 = 3 \Rightarrow x = \sqrt{3} \notin I$$

सह-डोमेन के अवयव 3 का डोमेन 4 में इसका कोई भी पूर्व प्रतिबिम्ब नहीं है।

अर्थात् रेंज Rc सह-डोमेन अतः आच्छादक नहीं है।

इसलिए .f न तो एकैकी फलन है और न ही आच्छादक फलन है।

फलनों का संयोजन (Composite Function)-

माना f:A→ B और g: B→C दो फलन हैं। तब अवयव x∈A तो फलन इस प्रकार परिभाषित है f(x)=y∈B तथा y फलन g में इस प्रकार परिभाषित है।z ∈C

अतः z = g(y) = g[f(x)]

स्पष्ट है कि x∈A के संगत C का एक अद्‌वितीय मान 2 =g[f(x)] होगा। यह नियम फलन A से C के लिए है। इस फलन को gof से व्यक्त करते हैं तथा यह फलन और g का संयुक्त फलन कहलाता है।

अतः यदि f:A→ B और g:B→C कोई दो फलन हैं, तब और g के संयुक्त फलन को gof से व्यक्त करते हैं तथा यह फलन gof :A→C में इस प्रकार परिभाषित है

$(gof)(x) = g[f(x)], \forall x \in A$



दो फलनों के परिमाण को दो फलनों का संयोजन या फलन का फलन कहते हैं।

नोट-

(i) यदि संयुक्त फलन gof विधमान है, तो यह आवश्यक है कि फलन का परिसर, फलन के प्रान्त का उपसमुच्चय है।

(ii) gof का प्रान्त =f का प्रान्त और सहप्रान्त (gof) = सहप्रान्त (8)

(iii) यदि gof परिभाषित है, तो यह आवश्यक नहीं है कि fog परिभाषित है।

सामान्यत : $gof \neq fog$.

$(gof)(x) = g[f(x)] \ \forall x \in A$

त्समक प्रतिचित्रण (Identity Mapping)

परिभाषा- एक प्रतिचित्रण f:A→ B तत्समक प्रतिचित्रण कहलाता है, यदि

(i) A= B तथा **(ii)** f(x)=x,vxEA

यदि,A पर एक तत्समक प्रतिचित्रण हो, तो इसे सामान्यतः I_A से व्यक्त करते हैं।

उदाहरण-माना A = $\{a_1, a_2, a_3, a_4\}$

तथा f = $\{(a_1,a_1),(a_2,a_2),(a_3,a_3),(a_4,a_4)\}$

तो f एक तत्समक प्रतिचित्रण है।



प्रतिलोम प्रतिचित्रण (Inverse Mapping)

यदि f:A B एकैकी आच्छादक प्रतिचित्रण है तो प्रतिचित्रण f^{-1}:B→A जो प्रत्येक अवयव b ϵB को उस अवयव a ϵ A सम्बन्धित करता है जिसका-प्रतिबिम्ब b ϵ B था, प्रतिलोम या व्युत्क्रम प्रतिचित्रण कहलाता है।



उदाहरण : यदि f:I→I जहाँ f(x) = x और I पूर्णांकों का समुच्चय है तो

$$f(3)=9 \qquad \because \quad 3^2=9$$
$$f(-3)=9 \qquad \because (-3)^2=9$$

तथा अन्य कोई ऐसा पूर्णांक नहीं है जिसका वर्ग 9 हो।

$$\therefore \qquad f^{-1}(9)=\{3,-3\}$$

उदाहरण 1.

यदि f (x)=x^2 और g(x) = x+3,x ∈ R तब (gof)x,(fog)x,(fog)2 का मान ज्ञात कीजिए।

हल: दिया है,

$$f(x)=x^2$$
$$g(x)=x+3$$
$$(gof)x=g[f(x)]=g(x^2)$$
$$=x^2+3.$$
$$(fog)x=f[g(x)]=f(x+3)$$
$$=(x+3)^2$$
$$=x^2+9+6x.$$
$$(fog)2=(2)^2+9+6.2$$
$$=25.$$

उदाहरण 2 एक व्युत्क्रमणीय फलन है जो इस प्रकार परिभाषित है $f(x)=\frac{3x-4}{5}$ कि तब $f^{-1}(x)$ ज्ञात कीजिए।

हल : दिया है : $f(x)=\frac{3x-4}{5}$

$$y=f(x)$$

$$y=\frac{3x-4}{5}$$

$$5y=3x-4$$

$$3x=5y+4$$

$$x=\frac{5y+4}{3}$$

$$f^{-1}(y)=\frac{5y+4}{3}$$

$$f^{-1}(x)=\frac{5x+4}{3}$$

द्विआधारी संक्रियाएँ (Binary Operations)

यदि कोई समुच्चय है तथा कोई संक्रिया है तथा

Aob ϵ A,∀a,b ϵ A

अथवा

0:AxA→A एक प्रतिचित्रण है, तो o को A में द्विआधारी संक्रिया कहते हैं।

उदाहरण : हम जानते हैं कि

a+b ϵ N,∀ a,b ϵ N

a.b ϵ N, ∀a,b ϵ N

अत: संक्रिया '+' तथा संक्रिया ' प्राकृतिक संख्याओं के समुच्चय N में द्विआधारी संक्रियाएँ हैं।

द्विआधारी संक्रियाओं के नियम (Laws of Binary Operations)

यदि A एक समुच्चय है और ∘ द्विआधारी संक्रिया है तो संक्रिया ∘ निम्न नियमों का पालन करती है

(i) क्रम-विनिमेय नियम-aob=boa, ∀a,b ∊ A.

(ii) साहचर्य नियम- (aoboc=ao(boc), ∀a,b,CE A.

(iii) तत्समक अवयव- यदि eoa=a=aoe, ∀a ∊ A हो, तो e ∊ A को तत्समक अवयव कहते हैं।

(iv) प्रतिलोम अवयव- यदि aob=e=boa, ∀a, $b \in A$ हो, तोव को b का अथवा b को a का प्रतिलोम अवयव कहते हैं।

टिप्पणी-(i) योग की सक्रिया में शून्य (0) योगात्मक तत्समक तथा गुणन की संक्रिया में एक (1) गुणात्मक तत्समक अवयव है। इस प्रकार,

$$a+0=a=0+a \text{ और } a\times 1=a=1\times a$$

(ii) $-a$ को a का योगात्मक प्रतिलोम तथा $\frac{1}{a}(a\neq 0)$, a का गुणात्मक प्रतिलोम है।

दूसरे शब्दों में, $(-a)+(a)=0=(a)+(-a)$

$$\left(\frac{1}{a}\right)\times(a)=1=(a)\times\left(\frac{1}{a}\right), \text{ जहाँ } a\neq 0.$$

उदाहरण 1. परिमेय संख्याओं के समुच्चय Q में संक्रिया ∘ इस प्रकार परिभाषित है

$$aob = a + b - ab, \quad \forall a, b \in Q$$

तो सिद्ध कीजिए कि

(i) $aob = boa$

(ii) $ao\,(boc) = (aob)\,oc.$

हल : (i) $aob = a + b - ab$

$\therefore \quad boa = b + a - ba$

अतः $\quad aob = boa.$

(ii) $ao(boc) = ao(b + c - bc)$

$$= a + (b + c - bc) - a(b + c - bc)$$

$$= a + b + c - ab - bc - ac + abc$$

पुनः $\quad (aob)oc = (a + b - ab)oc$

$$= (a + b - ab) + c - (a + b - ab)c$$

$$= a + b + c - ab - ac - bc + abc$$

$\therefore \quad ao(boc) = (aob)oc.$

उदाहरण 2. वास्तविक संख्याओं के समुच्चय Rके एक द्विचर संक्रिया निम्नानुसार परिभाषित है-

aob = a+b+ab

इसका तत्समक अवयव तथाका व्युत्क्रम ज्ञात कीजिए। हल : संक्रिया के लिये माना तत्समक अवयव है। तब

$$aoe = eoa = a$$

दिया गया है,

$$aob = a + b + ab$$

$$\therefore \quad aoe = a + e + ae$$

$$a = a + e + ae,$$

$$e(1 + a) = 0$$

$$e = 0$$

अत: तत्समक अवयव 0 है

माना a का व्युत्क्रम a' है तब

$$aoa' = a'oa = 0$$

दिया गया है—

$$aob = a + b + ab$$

$$aoa' = a + a' + aa'$$

$$0 = a + a' + aa',$$

$$a + (1 + a)a' = 0$$

$$a' = -\frac{a}{1+a}$$

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 1.1 (पृष्ठ संख्या 6-8)

प्रश्न 1. निर्धारित कीजिए कि क्या निम्नलिखित सम्बन्धों में से प्रत्येक स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक हैं –

i. समुच्चय A = {1, 2, 3,....13, 14} में सम्बन्ध R, इस प्रकार परिभाषित है कि

$R = \{(x, y): 3x - y = 0\}$

ii. प्राकृत संख्याओं के समुच्चय N में $R = \{(x, y): y = x + 5$ तथा $x < 4\}$ द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R.

iii. समुच्चय A = {1, 2, 3, 4, 5, 6} में R = {(x, y) : y भाज्य है x से} द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R है।

iv. समस्त पूर्णांकों के समुच्चय z में R = {(x, y): x – y एक पूर्णांक है } द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R.

v. किसी विशेष समय पर किसी नगर के निवासियों के समुच्चय में निम्नलिखित सम्बन्ध R.

a. R = {(x, y): x तथा y एक ही स्थल पर कार्य करते
b. R = {(x, y): x तथा 'एक ही मोहल्ले में रहते हैं।}
c. R = {(x, y) : x, y से ठीक – ठीक 7 सेमी लम्बा है।}
d. R = {(x, y): x, y की पत्नी है।।
e. R = {(x, y): x, y के पिता हैं।}

उत्तर-

i. A = {1, 2, 3 ... 13, 14}

$R = \{(x, y): 3x - y = 0\}$

$\therefore R = \{(1, 3), (2, 6), (3, 9), (4, 12)\}$

R स्वतुल्य नहीं है, $(1, 1), (2, 2) \ldots (14, 14) \notin R$.

इसलिए, R सममित नहीं है, $(1,3) \in R$, परन्तु $(3, 1) \notin R$. $[3(3)-1 \neq 0]$

इसलिए, R संक्रामक नहीं है, $(1, 3), (3, 9) \in R$, but $(1, 9) \notin R$.

$[3(1) - 9 \neq 0]$

स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक में से कोई भी नहीं है।

ii. $R = \{(x, y): y = x + 5$ और $x < 4\} = \{(1, 6), (2, 7), (3, 8)\}$

$\because (1,1) \notin R$.

$\therefore$ R स्वतुल्य नहीं है

$(1,6) \notin R$.

किन्तु,

$(6,1) \notin R$.

$\therefore$ R सममित नहीं है

अतः R में ऐसा कोई भी जोड़ा नहीं है जो कि (x, y) और $(y, z) \notin R$, इसलिए (x, z) भी R से संबंधित नहीं हो सकता

$\therefore$ R संक्रामक नहीं है

स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक में से कोई भी नहीं है।

iii. $A = \{1, 2, 3, 4, 5, 6\}$

R = {(x, y): y विभाज्य है x द्वारा}

हम जानते हैं कि कोई भी संख्या (x) अपने आप से विभाज्य है

$(x, x) \in R$

∴ R स्वतुल्य है

अब,

$(2,4) \in R$ [4 विभाज्य है 2 द्वारा]

परन्तु,

$(4,2) \notin R$. [2 विभाज्य नहीं है 4 द्वारा]

∴ R सममित नहीं है

$(x, y), (y, z) \in R$ फिर, y विभाज्य है x से और z, विभाज्य है y से।

$\Rightarrow (x, z) \in R$

∴ R संक्रामक नहीं है

अतः R स्वतुल्य, तथा संक्रामक है, परन्तु सममित नहीं है।

iv. R = {(x, y): x - y एक पूर्णांक है}

अब, हर x, Z, $(x, x) \in R$ के लिए $x - x = 0$ के रूप में एक पूर्णांक है।

∴ R स्वतुल्य है

अब, हर $x, y \in Z$ if $(x, y) \in R$, यदि x - y एक पूर्णांक है।

$\Rightarrow -(x - y)$ भी एक पूर्णांक है।

⇒ (y - x) भी एक पूर्णांक है।

∴ (y, x) ∈ R

∴ R सममित है

फिर,

यदि (x, y) and (y, z) ∈ R, जहाँ x, y, z ∈ Z.

⇒ (x - y) and (y - z) पूर्णांक हैं

⇒ x - z = (x - y) + (y - z) एक पूर्णांक है।

∴ (x, z) ∈ R

∴ R संक्रामक नहीं है

अतः R स्वतुल्य, तथा संक्रामक सममित है।

v. माना A = किसी विशेष समय पर किसी नगर के निवासियों का समुच्चय

a. R = {(x, y) : x तथा y एक ही स्थान पर कार्य करते हैं}

R स्वतुल्य है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति उस नगर में उस विशेष समय पर कार्यरत है। R सममित है, क्योंकि x, y एक ही स्थान पर एक समय पर कार्यरत हैं तो y, x भी उसी स्थान पर उस समय कार्यरत हैं। R संक्रामक है, क्योंकि x, y तथा y, z एक नगर में एक ही समय पर कार्यरत हैं तो उस नगर में उसी समय x, z भी कार्यरत हैं।

अतः स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

b. R = {(x , y) : x तथा y एक ही मोहल्ले में रहते हैं}

R स्वतुल्य है, क्योंकि उस स्थान का प्रत्येक व्यक्ति वहीं पर रहता है। R सममित है, क्योकि x और y एक स्थान पर रहते हैं तथा उसी स्थान पर y और x भी रहते हैं। R संक्रामक है, क्योंकि x, y तथा y, z एक स्थान पर रहते हैं तब x, z भी उसी स्थान पर रहते हैं।

अतः स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

c. R = {(x, y) : x, y से ठीक-ठीक 7 सेमी लम्बा है।

R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपने आप से 7 सेमी अधिक लम्बा नहीं हो सकता। R सममित नहीं है, क्योंकि y, x से ठीक 7 सेमी अधिक लम्बा है तब x, y से 7 सेमी लम्बा नहीं हो सकता। R संक्रामक नहीं है, क्योंकि x, y से तथा y, z से ठीक 7 सेमी लम्बे तो x, y से ठीक 7 सेमी अधिक लम्बा नहीं हो सकता।

अतः स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक में से कोई भी नहीं है।

d. R = {(x, y) : x, y की पत्नी है}

R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि x स्वयं अपनी ही पत्नी नहीं हो सकती है। R सममित नहीं है, क्योंकि यदि x, y की पत्नी है तो y, x की पत्नी नहीं हो सकती। R संक्रामक नहीं है, क्योंकि यदि x, y की पत्नी है तो y किसी की भी पत्नी नहीं हो सकती।

अतः स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक नहीं है।

R = {(x, y) : x, y के पिता हैं}

e. R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि x अपना ही पिता नहीं हो सकता। R सममित नहीं है, क्योंकि यदि x, y का पिता है तो y, x का पिता नहीं हो सकता। R संक्रामक नहीं है, क्योंकि x, y का y, z का पिता है तो x, z का पिता नहीं हो सकता।

अतः स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक नहीं है।

प्रश्न 2. सिद्ध कीजिए कि वास्तविक संख्याओं के समुच्चय R में R = {(a, b) : $a \le b^2$}, द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R, न तो स्वतुल्य है, न सममित है और न ही संक्रामक है।

उत्तर- माना A = वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है और R = {(a, b) : $a \le b^2$}

a. R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि $\frac{1}{4}, \frac{1}{4}$ से कम नहीं है।
b. R सममित नहीं है, क्योंकि $a \le b^2$ तो b, a^2 से कम या बराबर नहीं है, जैसे $-2 < 5^2$ परन्तु 5, 2^2 से कम नहीं है।
c. R संक्रामक नहीं है, माना a = 2, b = -2 और c = -1 तब $2 < (-2)^2$, $-2 < (-1)^2$ परन्तु 2, $(-1)^2$ से कम नहीं है।

अत: 1,2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक नहीं है।

प्रश्न 3. जाँच कीजिए कि क्या समुच्चय {1, 2, 3, 4, 5, 6} में R = {(a, b) : b = a + 1} द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R स्वतुल्य, सममित या संक्रामक है।

उत्तर- दिया है, A = {1, 2, 3, 4, 5, 6} तथा R = {a, b) : b = a + 1}

a. R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि a, a + 1 के बराबर नहीं हो सकता।

   माना 4 = 1, 1, (1 + 1) = 2 के बराबर नहीं हो सकता।

b. R सममित नहीं है, क्योंकि b = a + 1

   तब $a \ne b + 1$ यदि b = 1 + 1 = 2, $1 \ne 2 + 1$

c. संक्रामक नहीं है, क्योंकि b = a + 1, c = b + 1

   तो $c \ne a + 1$ यदि b = 1 + 1 = 2 तथा c = 2 + 1 = 3 तो $3 \ne 1 + 1$

अत: 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक नहीं है।

प्रश्न 4. सिद्ध कीजिए कि R में R = {(a, b) : $a \le b$}, द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किन्तु सममित नहीं है।

उत्तर- माना R कोई वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है तथा R = {(a, b): a ≤ b}

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि a ≤ a ⇒ a = a
b. R सममित नहीं है, क्योंकि a, b से कम है तब b, a से कम नहीं है।

यदि 1, 2 से कम है तब 2, 1 से कम नहीं हो सकती।

c. R संक्रामक है, क्योंकि a ≤ b और b ≤ c तब a ≤ b

अत: 1, 2 व 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य और संक्रामक है परन्तु सममित नहीं है।

प्रश्न 5. वास्तविक संख्याओं के समुच्चय 5 में सम्बन्ध R, R = {(a, b): <b} द्वारा परिभाषित है, तो इसकी स्वतुल्यता, सममितता और संक्रमकता की जाँच कीजिए।

उत्तर-

$\frac{1}{2}$ वास्तविक सख्या है और $\frac{1}{2} < \left(\frac{1}{2}\right)^3$ सत्य नहीं है

$\therefore \left(\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right) \in R$

अतः R स्वतुल्य नहीं है

सममितताः वास्तविक सख्याओ $\frac{1}{2}$ व 1 के लिए

$\frac{1}{2} \leq 1^3 \Rightarrow \left(\frac{1}{2}, 2\right) \in R$

परन्तु $1 \leq \left(\frac{1}{3}\right)^3$ सत्य नहीं है

$\therefore \left(1 \frac{1}{2},\right) \in R$

∴ सम्बन्ध R सममित नहीं है

संक्रमकता: तीन वास्तविक संख्याओं $3, \frac{3}{2}$ और $\frac{4}{3}$ लेते हैं कि $3 \leq \left(\frac{3}{2}\right)^3$ और

$\frac{3}{2} \leq \left(\frac{4}{3}\right)^3$ परन्तु $3 \leq \left(\frac{4}{3}\right)^3$ सत्य नहीं है।

$\therefore \left(3, \frac{3}{2}\right) \in R$, और $\left(\frac{3}{2}, \frac{4}{3}\right) \in R$ परन्तु $\left(3, \frac{4}{3}\right) \in R$

अतः सम्बन्ध र संक्रमक नहीं है।

प्रश्न 6. सिद्ध कीजिए कि समुच्चय {1, 2, 3} में R = {(1, 2), (2, 1)} द्वारा प्रदत्त सम्बन्ध R सममित है किन्तु न तो स्वतुल्य है और न संक्रामक है।

उत्तर- दिया है, A = {1, 2, 3} तथा R = {(1, 2), (2, 1)}

a. R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि (1, 1), (2, 2), (3,3) ∉ R
b. R सममित है, क्योंकि (1,2) ∈ R और (2,1) ∈ R
c. R संक्रामक नहीं है, क्योंकि R में केवल 2 ही अवयव हैं, जबकि संक्रामक होने के लिए तीन अवयव का होना आवश्यक हैं।

अतः 1, 2 व 3 से स्पष्ट है कि R न तो स्वतुल्य है और न ही संक्रामक है परन्तु R सममित है। इति सिद्धम्

प्रश्न 7. सिद्ध कीजिए कि किसी कॉलेज के पुस्तकालय की समस्त पुस्तकों के समुच्चय A में R = {(x, y) : x तथा y में पेजों की संख्या समान है} द्वारा प्रदत्त सम्बन्ध R एक तुल्यता सम्बन्ध

उत्तर- दिया है, A किसी कॉलेज के पुस्तकालय की समस्त पुस्तकों का समुच्चय है। तथा R = {(x, y) : x तथा y में पेजों की संख्या समान है}

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि बराबर पृष्ठों वाली प्रत्येक पुस्तक में पृष्ठों की संख्या बराबर होगी।

b. R सममित है, क्योंकि x, y पुस्तकों में पृष्ठ बराबर है तो y, x पुस्तकों में भी पृष्ठ बराबर होगे।

c. R संक्रामक है, क्योंकि x, y तथा y, z पुस्तकों में पृष्ठ बराबर हैं तो x, z पुस्तकों में भी पृष्ठ बराबर होंगे।

अत: 1, 2 व 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है। इसलिए R तुल्यता सम्बन्ध है।

प्रश्न 8. सिद्ध कीजिए कि A = {1, 2, 3, 4, 5} में, R = {(a, b) :|a - b| सम है} द्वारा प्रदत्त सम्बन्ध R एक तुल्यता सम्बन्ध है। प्रमाणित कीजिए कि {1, 3, 5} के सभी अवयव एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं और समुच्चय {2, 4} के सभी अवयव एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं परन्तु {1, 3 ,5} का कोई भी अवयव {2, 4} के किसी अवयव से सम्बन्धित नहीं है।

उत्तर- यहाँ है, A = {1, 2, 3, 4, 5} और संबंध R = {(a, b): |a - b| सम है

प्रश्न के अनुसार, सभी $a \in A$ के लिए $|a - a| = 0$ (जो की सम है)

∴ R स्वतुल्य है।

माना $(a, b) \in R = |a - b|$ सम है।

$\Rightarrow |-(a-b)| = |b-a|$ भी सम है।

$\Rightarrow (b, a) \in R$, इसलिए R सममित है।

अब, माना $(a, b) \in R$ और $(b, c) \in R$.

$\Rightarrow |a - b|$ सम है और $|b - c|$ सम है

क्योंकि दो सम संख्याओं का योग सम होता है।

|Da − b| सम है

$\Rightarrow (a, c) \in R$ इसलिए R संक्रामक है।

अतः R एक तुल्यता संबंध है। समुच्चय {1, 2, 3} के सभी अवयव एक दूसरे से संबंधित हैं क्योंकि इसके सभी अवयव विषम हैं। विषम संख्याओं का अंतर सदैव सम होता है। इसीप्रकार, समुच्चय {2, 4 के सभी अवयव एक दूसरे से संबंधित हैं क्योंकि इसके सभी अवयव सम हैं। सम संख्याओं का अंतर सदैव सम होता है। समुच्चय {1, 3, 5} का कोई भी अवयव समुच्चय {2, 4} के किसी भी अवयव से संबंधित नहीं है, क्योंकि समुच्चय {1, 3, 5} के सभी अवयव विषम है तथा समुच्चय {2, 4} के सभी अवयव सम है। सम और विषम संख्याओं का अंतर सदैव विषम होता है। जैसे 1 - 2, 1 - 4, 3 - 2, 3 - 4, 5 - 2 और 5 - 4 सभी विषम है।

प्रश्न 9. सिद्ध कीजिए कि समुच्चय A = {x ϵ z : 0 ≤ x ≤ 12}, में दिए गए निम्नलिखित संबंधों R में से प्रत्येक एक तुल्यता संबंध है :

i. R = {(a, b): |a – b|, 4 का एक गुणज है}
ii. R = {(a,b): a = b};

प्रत्येक दशा में 1 से संबंधित अवयवों को ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

i. A = x ∈ z : 0 ≤ x ≤ 12 = 0, 1, 2, 3, 4,....., 12

R = { (a, b) :|a – b|, 4 का एक गुणज है },

= {(1, 5), (1, 9), (2, 6), (2, 10), (3, 7), 3, 11),(4, 8) (4, 12), (5, 9), (6, 10), (7, 11), (8, 12),(0, 4), (0, 8), (0, 12), (0, 0), (1, 1), (2, 2), (3, 3), ..., (12, 12)}

a. R स्वतुल्य है, यदि a – b = 4k ⇒ k = 0
b. R सममित है, यदि | a - b| = | b - a| = 4k
c. R संक्रामक है, यदि a - b, 4 का गुणज है तथा b - c, 4 का गुणज है। तो a - b + b - c = |a - c| भी 4 का एक गुणज होगा।

अत: 1, 2 व 3 से स्पष्ट है कि R, स्वतुल्य, सममित तथा स्वतुल्य है।

अत: R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

1 से सम्बन्धित अवयव = {1, 5, 9}

ii. R = {(a, b) : a = b} ∴ R = {(0, 0), (1, 1), (2, 2), (3, 3),.... (12, 12)}

a. 4 = 1 = (a, a) = R

∴ R स्वतुल्य है।

a. R सममित है, यदि 4 = b = b = d
b. R संक्रामक है, यदि 1 = b,

b = c ⇒ a = c अर्थात a, b, c तीनों बराबर हैं।

अत: 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

अंतः R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

1 से सम्बन्धित अवयव = {1}

प्रश्न 10. ऐसे सम्बन्ध का उदाहरण दीजिए, जो

i. सममित हो परन्तु न तो स्वतुल्य हो और न संक्रामक हो।
ii. संक्रामक हो परन्तु न तो स्वतुल्य हो और न सममित हो।
iii. स्वतुल्य तथा सममित हो किन्तु संक्रामक न हो।
iv. स्वतुल्य तथा संक्रामक हो किन्तु सममित न हो।
v. सममित तथा संक्रामक हो किन्तु स्वतुल्य न हो।

उत्तर-

i. माना A एक समतल में सरल रेखाओं का समुच्चय है तथा R = {(a, b) : a, b पर लम्ब है}

a. रेखा a, b पर लम्ब है तो b रेखा a पर लम्ब है।

∴ R सममित सम्बन्ध है।

b. R स्वतुल्य नहीं है, क्योंकि रेखा a अपने आप पर ही लम्ब नहीं हो सकती है।

c. R संक्रामक नहीं है, यदि a रेखा b पर लम्ब है, b रेखा c पर लम्ब है तो a रेखा c पर लम्ब नहीं

ii. माना A एक वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है। तथा $R = \{(a, b) : a > b\}$

a. R संक्रामक है, यदि $a > b$ और $b > c = a > c$

b. R स्वतुल्य नहीं है, a अपने आप से बड़ी संख्या नहीं है।

c. R सममित नहीं है, यदि $a > b$ तो b, a से बड़ा नहीं है।

iii. माना $A = \{1, 2, 3\}$ तथा $R = \{(1, 1), (2, 2), (3, 3), (1, 2), (2, 1), (2, 3), (3, 2)\}$

समतुल्य व सममित है। परन्तु संक्रामक नहीं है क्योंकि $(1, 2) \in R$, $(2, 3) \in R$ परन्तु $(1, 3) \in R$

iv. माना $A = \{1, 2, 3\}$ तथा

$R = \{(a, b) : a \leq b\} = \{(1, 1), (2, 2), (3, 3), (1, 2), (1, 3), (2, 3)\}$

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि $(1, 1), (2, 2), (3, 3) \in R$

b. R संक्रामक है, क्योंकि $(1, 2), (2, 3) \in R = (1, 3) \in R$

c. R सममित नहीं है, यदि $a < b$ परन्तु b, a से कम नहीं है।

v. माना $A = \{1, 2, 3\}$ तब $R = \{(1, 1), (2, 2), (1, 2), (2, 1)\}$ सममित व संक्रामक है।

परन्तु स्वतुल्य नहीं हैं क्योकि (3, 3) $\notin$ R

प्रश्न 11. सिद्ध कीजिए कि किसी समतल में स्थित बिन्दुओं के समुच्चय में R : {(P, Q : बिन्दु P की मूलबिन्दु से दूरी, बिन्दु Q की मूलबिन्दु से दूरी के समान है} द्वारा प्रदत्त सम्बन्ध R एक तुल्यता सम्बन्ध है। पुनः सिद्ध कीजिए कि बिन्दु P ≠ (0, 0) से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं का समुच्चय P से होकर जाने वाले एक ऐसे वृत्त को निरूपित करता है, जिसका केन्द्र मूलबिन्दु पर है।

उत्तर- दिया है, A समतल में बिन्दुओं को समुच्चय है। तथा R = {(P, Q) : मूलबिन्दु से P तथा Q की दूरी समान है}

= {(P, Q) : OP = OQ}

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि OP अपने ही बराबर है।
b. R सममित है, यक्योंकि OP = OQ ⇒ OQ = OP
c. R संक्रामक है, क्योंकि OP = OQ, OQ = QR ⇒ OP =QR

अत: 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

अत: R तुल्यता सम्बन्ध है। चूँकि o मूलबिन्दु है तथा P वृत्त की परिधि पर रहता है अर्थात् यदि OP = K ⇒ बिन्दु P एक वृत्त पर रहता है जो 0 से K दूरी पर है। अतः बिन्दु P ≠ (0, 0) से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं का समुच्चय P से होकर जाने वाले एक ऐसे वृत्त को निरूपित करता है, जिसका केन्द्र मूलबिन्दु पर है।

प्रश्न 12. सिद्ध कीजिए कि समस्त त्रिभुजों के समुच्चय में, R= {(T, T): T, T के समरूप है) द्वारा परिभाषित संबंध एक तुल्यता संबंध है। भुजाओं 3, 4, 5 वाले समकोण त्रिभुज T,. भुजाओं 5, 12, 13 वाले समकोण त्रिभुज T, तथा भुजाओं 6, 8, 10 वाले समकोण त्रिभुज T, पर विचार कीजिए। T, T, और T, में से कौन से त्रिभुज परस्पर संबंधित है?

उत्तर- R = {(T_1, T_2): T_1, T_2 के समान है}

आर प्रतिवर्तनीय है क्योंकि प्रत्येक त्रिभुज स्वयं के समान है।

इसके अलावा, यदि $(T_1, T_2) \in R$, तो T_1, T_2 के समान है

$\Rightarrow T_2$ के समान है T_1

$\Rightarrow (T_2, T_1) \in R$

$\therefore$ R सममित है।

अभी,

यदि $(T_1, T_2), (T_2, T_3) \in R$

$\Rightarrow T_1$ के समान है T_2 और T_2 के समान है T_3

$\Rightarrow T_1, T_3$ के समान है।

$\Rightarrow (T_1, T_3) \in R$

$\therefore$ R संक्रामक है।

इस प्रकार, R एक तुलनीय संबंध है।

अब, हम यह देख सकते हैं:

$$\frac{3}{6} = \frac{4}{8} = \frac{5}{10}\left(= \frac{1}{2}\right)$$

त्रिभुज T_1 और T_3 के संगत पक्ष समान अनुपात में हैं।

फिर, त्रिभुज T_1 त्रिभुज T_3 के समान है।

इसलिए, T_1 से संबंधित है T_3

प्रश्न 13. सिद्ध कीजिए कि समस्त बहुभुजों के समुच्चय A में, R = {(p_1, p_2) : p_1, तथा p_2}, की भुजाओं की संख्या समान है। प्रकार से परिभाषित सम्बन्ध R एक तुल्यता सम्बन्ध है। 3, 4 और

5 लम्बाई की भुजाओं वाले समकोण त्रिभुज से सम्बन्धित समुच्चय A के सभी अवयवों का समुच्चय ज्ञात कीजिए।

उत्तर- दिया है, A समस्त बहुभुजों का समुच्चय है। तथा R = { (p1, p2) : p1, p2, की भुजाओं की संख्या बराबर है।

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि प्रत्येक बहुभुज की भुजाओं की संख्या स्वयं के समान होती है।
b. R सममित है, यदि बहुभुज p1, p2, की भुजाएँ n है तो बहुभुज p2 और p1, की भुजाएँ भी n ही होंगी।
c. R संक्रामक है, यदि बहुभुज p1, p2 औरp2, p3 प्रत्येक की n भुजाएँ है तो p1 और p3 की भुजाएँ भी n ही होंगी।

अतः 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक हैं।

अतः R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

सभी त्रिभुजों का समुच्चय त्रिभुज T से सम्बन्धित है।

प्रश्न 14. मान लीजिए कि XY - तल में स्थित समस्त रेखाओं का समुच्चय L है और L में R = { (L_1, L_2) : L_1 समान्तर है L_2 के } द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R है। सिद्ध कीजिए कि R एक तुल्यता सम्बन्ध है। रेखा $y = 2x + 4$ से सम्बन्धित समस्त रेखाओं का समुच्चय ज्ञात कीजिए।

उत्तर- दिया है, L किसी XY- तल में स्थित समस्त रेखाओं का समुच्चय है तथा R = {(L_1, L_2) : L_1 समान्तर है L_2 के}

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि प्रत्येक रेखा अपने आप के समान्तर है।
b. R सममित है, यदि L_1 रेखा, L_2 के समान्तर है तो L_2 रेखा, L_1 के भी समान्तर होगी।
c. R संक्रामक है, यदि L_1, L_2 और L_2, L_3 समान्तर रेखाएँ हैं तो L_1और L_3 भी समान्तरे रेखाएँ होंगी।

अतः 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

अतः R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

माना y = 2x + c, जबकि c का मान कुछ भी हो सकता है।

अतः y = 2x + 4 से सम्बन्धित रेखाओं का समुच्चय y = 2x + c है।

प्रश्न 15. bमान लीजिए कि समुच्चय {(1, 2, 3, 4)} में, R = {(1, 2), (2, 2), (1, 1), (4, 4), (1, 0, (3, 3), (3, 2)} द्वारा परिभाषित सम्बन्ध में है। निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए।

a. R स्वतुल्य तथा सममित है किन्तु संक्रामक नहीं है।
b. R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किन्तु सममित नहीं है।
c. R सममित तथा संक्रामक है किन्तु स्वतुल्य नहीं है।
d. R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

उत्तर-

b. R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किन्तु सममित नहीं है।

हल-

दिया है, A = {1, 2, 3, 4}

तथा R = {(1, 2), (2, 2), (1, 1), 4, 4), (1, 3), (3, 3), (3, 2)}

a. R स्वतुल्य है, क्योंकि $(1,1),(2,2),(3,3),(4,4) \in \mathrm{R}$

b. R सममित नहीं है, क्योंकि $(1,2) \in \mathrm{R}$ परन्तु $(2,1) \in \mathrm{R}$

c. R संक्रामक है, क्योंकि $(1,3) \in \mathrm{R},(3,2) \in \mathrm{R}=(1,2) \in \mathrm{R}$

अत: 1, 2 तथा 3 से स्पष्ट है कि R स्वतुल्य तथा संक्रामक है परन्तु सममित नहीं है।

प्रश्न 16. यदि प्राकृतिक संख्याओं के समुच्चय N में सम्क्न्ध में इस प्रकार है कि R = {(a, b) : a = b - 2, b > 6} तो सही उत्तर चुनिए।

a. $(2, 4) \in R$

b. $(3, 8) \in R$

c. $(6, 8) \in R$

d. $(8, 7) \in R$

उत्तर- 6 = 8 - 2, तथा 8 > 6

$\therefore (6, 8) \in R$

अत: विकल्प (c) सही है।

प्रश्नावली 1.2 (पृष्ठ संख्या 12-13)

प्रश्न 1. सिद्ध कीजिए कि $fx = \frac{1}{x}$ द्वारा परिभाषित फलन $f : R_* \to R_*$ एकैकी तथा आच्छादक है, जहाँ R_* सभी ऋणेतर वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है। यदि प्रान्त R_* को N से बदल दिया जाए, जबकि सहप्रांत पूर्ववत R_* ही रहे, तो भी क्या यह परिणाम सत्य होगा?

उत्तर-

i.

a. दिया है, $f(x) = \frac{1}{x}$ दिया $f(x_1) = f(x_2)$

$$\Rightarrow \frac{1}{x_1} = \frac{1}{x_2}$$

$$x_1 = x_2$$

अत: प्रान्त के प्रत्येक अवयव का एक ही प्रतिबिम्ब है।

अत: f एकैकी फलन है।

b. दिया है, ye

$$y = \frac{1}{x}$$
$$x = \frac{1}{y}$$
$$y \neq 0$$

सहप्रान्त का प्रत्येक अवयव प्रान्त में क्रमश: एक ही अवयव का प्रतिबिम्ब है।

∴ f आच्छादक फलन है।

∴ f एकैकी व आच्छादक फलन है।

ii. यदि प्रान्त R को N से बदल दिया जाता है तब सहप्रान्त R वही रहे तो

$$f : N \to R$$

जब $f(x_1) = f(x_2)$

$$\Rightarrow \frac{1}{x_1} = \frac{1}{x_2}$$

$$x_1 = x_2 \in N$$

$\Rightarrow f$ एकैकी है।

परन्तु सहप्रान्त का प्रत्येक अवयव प्रान्त के अवयव का प्रतिबिम्ब न हो।

उदाहरणार्थः $-\frac{3}{2}$ अहपरंता मे है तो $\frac{1}{\frac{3}{2}} = \frac{2}{3}$

$\frac{2}{3} \in N$ अर्थात $\frac{2}{3}$ प्रान्त में नहीं है

स प्रकार f एकैकी है परन्तु आच्छादक नहीं है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित फलनों की एकैक (Injective) तथा आच्छादी (Surjective) गुणों की जाँच कीजिए:

i. f (x) = x^2 द्वारा प्रदत्त f : N → N फलन है।

ii. f (x) = x^2 द्वारा प्रदत्त f : Z → Z फलन है।

iii. f (x) = x^2 द्वारा प्रदत्त f : R → R फलन है।

iv. f (x) = x^3 द्वारा प्रदत्त f : N → N फलन है।

v. f(x) = x^3 द्वारा प्रदत्त f : Z → Z फलन है।

उत्तर-

i. दिया है, f(x) = x_2 और f : N → N

$$f(x_1) = f(x_2)$$

$$\Rightarrow x\frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow x_1 = x_2$$

$$\Rightarrow x_1 = x_2 \in N$$

f एकैकी है।

परन्तु सहप्रान्त में ऐसे कुछ अवयव हैं जो प्रान्त के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

उदाहरणार्थ: माना 3 सहप्रान्त में है तो 3 प्रान्त के किसी भी अवयव को प्रतिबिम्ब नहीं होगा।

∴ f आच्छादक नहीं है।

अत: f एकैकी है परन्तु आच्छादक नहीं है।

ii.

$$f(x) = x^2 f : Z \to Z, \text{ जबकि } f(x) = x^2$$

1. $f(-1) = f(1) = 1 \Rightarrow -1$ और 1 का प्रतिबिम्ब 1 है।

∵ प्रान्त के दो भिन्न-भिन्न अवयवों −1 और 1 का

परिसर R में एक ही f-प्रतिबिम्ब 1 पर है।

∵ प्रतिबिम्ब समान है।

∵ f एकैकी नहीं है।

सहप्रान्त में ऐसे अवयव हैं जो प्रान्त के किसी अवयव में प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

उदाहरणार्थ: सहप्रान्त में है, परन्तु 3 प्रान्त के किसी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है।

∵ f आच्छादक नहीं है।

अत: f न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है।

iii.

$f : R \to R$ यदि $f(x) = x^2$

1. $(-1)^2 = (1)^2 = f(-1) = f(1)$

−1 और 1 का प्रतिबिम्ब 1 है। अर्थात् प्रान्त के दो भिन्न-भिन्न अवयवों −1 और 1 का परिसर

R में एक ही f - प्रतिबिम्ब 1 है। अर्थात् प्रतिबिम्ब समान है

∴ f एकैकी नहीं है।

−2 सहप्रान्त में है परन्तु यह प्रान्त के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है।

अत: f आच्छादक नहीं है।

∴ f न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है।

iv.

$\mathrm{f} : \mathrm{N} \to \mathrm{N}$ यदि $\mathrm{f}(\mathrm{x}) = \mathrm{x}^3$

$\mathrm{f}(\mathrm{x}_1) = \mathrm{f}(\mathrm{x}_2)$

$\Rightarrow \mathrm{x}_1^3 = \mathrm{x}_2^3$

$\Rightarrow \mathrm{x}_1 = \mathrm{x}_2$

प्रत्येक $\mathrm{x} \in \mathrm{N}$ का एक प्रतिबिम्ब है।

$\therefore \mathrm{f}$ एकैकी नहीं है।

सहप्रान्त के बहुत से ऐसे अवयव ऐसे हैं जिनमें प्रान्त के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

उदाहरणार्थ- 2, 3, 4, 5, ... ये प्रान्त के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

∴ f आच्छादक नहीं है।

इसलिए f एकैकी है, परन्तु आच्छादक नहीं है।

v. f : Z → Z यदि f(x) = x^3

$\mathrm{f}(\mathrm{x}_1) = \mathrm{f}(\mathrm{x}_2)$

$\Rightarrow \mathrm{x}_1^3 = \mathrm{x}_2^3$

$\Rightarrow \mathrm{x}_1 = \mathrm{x}_2$

$\therefore \mathrm{f}$ एकैकी है।

f के सहप्रान्त में बहुत से अवयव ऐसे हैं जो प्रान्त में किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं हैं

उदाहरणार्थ- 2, 3, 4, 5, ... में प्रान्त के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं है।

∴ f आच्छादक नहीं है।

इसलिए f एकैकी है परन्तु आच्छादक नहीं है।

प्रश्न 3. सिद्ध कीजिए कि f(x) = [x] द्वारा प्रदत्त महत्तम पूर्णांक फलन f : R → R, न तो एकैकी है और न आच्छादक है, जहाँ [x], x से कम या उसके बराबर महत्तम पूर्णांक को निरूपित करता है।

उत्तर- स्पष्ट है कि f(x) का प्रान्त = R

तथा f(x) = 0, y x ∈ (0, 1)

∴ f : R → R एकैकी नहीं है।

पुनः f(x) केवल पूर्णांक मान ग्रहण करता है।

∴ सह प्रान्त के अपूर्णांक अवयव प्रान्त के किसी भी अवयव के प्रतिबिम्ब नहीं हैं।

∴ f : R → R आच्छादक नहीं है।

अत: f : R → R न तो एकैकी है और न ही आच्छादक।

प्रश्न 4. सिद्ध कीजिए कि f(x) = |x| द्वारा प्रदत्त मापांक फलन f: R → R, न तो एकैकी है। और न आच्छादक है, जहाँ |x| बराबर x , यदि x धन या शून्य है तथा |x| बराबर -x, यदि x ऋण है।

उत्तर- यहाँ f: R → R, जबकि f (3) = [x]

f(-1) = |-1| = 1, f(1) = |1| = 1

-1 और 1 का एक ही प्रतिबिम्ब है।

अत: प्रान्त के दो भिन्न-भिन्न अवयवों -1 और 1 का परिसर R में एक ही f - प्रतिबिम्ब 1 है।

∵ प्रतिबिम्ब समान है।

इसलिए f एकैकी नहीं है।

सहप्रान्त की कोई भी ऋणात्मक संख्या प्रान्त के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है।

∴ f आच्छादक नहीं है।

अत: f न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है।

प्रश्न 5. सिद्ध कीजिए कि f : R → R

$$f(x) = \begin{cases} 1 & \text{यदि } x > 0 \\ 0 & \text{यदि } x = 0 \\ -1 & \text{यदि } x < 0 \end{cases}$$

द्वारा दिया गया चिन्ह फलन न तो एकाकी है और अच्छादक है

उत्तर- स्पष्टतया f(2) = 1 तथा f(3) = 1

∴ f(2) = f(3) जबकि 2 ≠ 3

∴ f एकैकी नहीं है। f का परिसर = {1, 0, -1} c R

∴ f अन्त: क्षेपी है।

अत: फलन न तो एकैकी है और न आच्छादक।

प्रश्न 6. मान लीजिए कि A = {1, 2, 3}, B = {4, 5, 6, 7} तथा f = {(1, 4), (2, 5), (3, 6)} A से B तक एक फलन है। सिद्ध कीजिए कि f एकैकी है।

उत्तर-



दिया है, A ={1, 2, 3}, B = {4, 5, 6, 7}

f: A → B इस प्रकार है कि f = {(1, 4), (2, 5), (3, 6)} A के प्रत्येक अवयव का अलग-अलग प्रतिबिम्ब है। इसलिए f एकैकी है।

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से प्रत्येक स्थिति में बताइये कि क्या दिए हुए फलन एकैकी, आच्छादक अथवा एकैकी आच्छादी (bijective) हैं। अपने उत्तर का औचित्य भी बताइये।

i. f(x) = 3 – 4x द्वारा परिभाषित फलन f : R → R है।
ii. f(x) = 1+ x2 द्वारा परिभाषित फलन f: R →R है।

उत्तर-

i. यहाँ f: R - R, यदि f(x) = 3 - 4x

$f(x_1) = f(x_2)$

$\Rightarrow 3 - 4x_1 = 3 - 4x_2$

$\Rightarrow 4x_1 = 4x_2$

$\Rightarrow x_1 = x_2$

अत: f एकैकी है।

माना $f(x) = y = 3 - 4x$

$$\Rightarrow x = \frac{3-y}{4}$$

y के प्रत्येक मान के लिए प्रान्त में एक मान है।

अर्थात् सहप्रान्त में प्रत्येक प्रान्त के किसी एक अवयव का प्रतिबिम्ब है।

∴ f आच्छादक है।

इसलिए f एकैकी भी है तथा आच्छादक भी है।

अत: f बहु-एक फलन है।

∴ f एकैकी नहीं है।

ii. पुनः x के प्रत्येक वास्तविक मान के लिए (1 + x) का मान सदैव 1 या 1 से बड़ा होगा।

∴ परिसर R में 1 से छोटे अवयव (0 तथा ऋणात्मक संख्याएँ), डोमेन R के किसी भी अवयव के f-प्रतिबिम्ब नहीं होंगे।

∴ f - अन्त:क्षेपी फलन है अर्थात् आच्छादक नहीं है।

इसलिए दिया हुआ फलन न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है।

प्रश्न 8. मान लीजिए A तथा B दो समुच्चय हैं। सिद्ध कीजिए कि f: A × B → B × A, इस प्रकार हैं कि f (a, b) = f (b, a) एक एकैकी आच्छादक फलन है।

उत्तर- f एकैकी है क्योकी

$f(a_1, b_1) = f(a_2, b_2) \Rightarrow f(b_1, b_1) = (b_1, a_1)$

$\Rightarrow a_1 = a_2$ और $b_1 = b_2$

$\Rightarrow (a_1, b_1) = (a_2, b_2)$

पुनः माना (b, a), B × A का कोई स्वैच्छ अवयव है

तब $(b,a) \in (b \times A)$

$\Rightarrow b \in B, a \in A$

$\Rightarrow (a, b) \in (A \times B)$

$\therefore$ प्रत्येक $(b,a) \in (B \times A)$ के लिए $(A \times B)$ में एक अवयव (a,b) इस प्रकार है कि

$f(a,b) = (b,a)$

∴ f आच्छादक है

अतः f एकेकी आच्छादक है

प्रश्न 9. दिखाइए कि फलन f: N → N जोकि

$$f(n) = \begin{cases} \frac{n+1}{2}, & \text{यदि } n \text{ विषम है} \\ \frac{n}{2}, & \text{यदि } n \text{ सम है} \end{cases}$$

उत्तर-

$$f(1) = \frac{1+1}{2} = \frac{2}{2} = 1 \text{ और } f(2) = \frac{2}{2} = 1$$

∴ f एकैकी नहीं है अर्थात बहुएक है

पुनः माना n ∈ N

यदि n विषम है तब $(2n-1)$ विषम होगा और $f(2n-1)=\frac{2n-1+1}{2}=\frac{2n}{2}=n$

यदि n सम है तो 2n सम होगा और $f(2n)=\frac{2n}{2}=n$

$\therefore \forall\ n \in N$ के पूर्व प्रतिबिम्ब N में उपस्थित है

$\therefore f$ अच्छादेक है

प्रश्न 10. मान लीजिए कि A= R → {3} तथा B = R - {1} हैं। $(x)=\frac{x-2}{x-3}$ द्वारा परिभाषित फलन f: A → B पर विचार कीजिए। क्या । एकैकी तथा आच्छादक है? अपने का औचित्य भी बतलाइए।

उत्तर- दिया है , f: A → B, तथा A = R → {3} तथा B = R - {1} हैं। $(x)=\frac{x-2}{x-3}$ द्वारा परिभाषित फलन f: A → B पर विचार कीजिए। क्या। एकैकी तथा आच्छादक है? अपने का औचित्य भी बतलाइए।

$$f(x_1)=f(x_2)$$

$$\Rightarrow \frac{x_1-2}{x_1-3}=\frac{x_2-2}{x_2-3}$$

$$\Rightarrow (x_1-2)(x_2-2)=(x_2-2)(x_1-3)$$

$$\Rightarrow x_1x_2-3x_1-2x_2+6=x_1x_2-3x_2-2x_1+6$$

$$\Rightarrow 3x_2-2x_2=3x_1+6$$

$$\Rightarrow x_2=x_1$$

∴ f एकेकी है

माना $y = \frac{x-2}{x-3}$

$\therefore y(x-3) = x-2$

$\Rightarrow xy - 3y = x - 2$

$\Rightarrow x(y-1) = 3y - 2$

$\therefore x = \frac{3y-2}{y-1}$

प्रश्न 11. मान लीजिए f: R → R; f(x) = x^4 द्वारा परिभाषित है। सही उत्तर का चयन कीजिए।

a. f एकैकी आच्छादक है।
b. f बहुएक आच्छादक है।
c. f एकैकी है किन्तु आच्छादक नहीं है।
d. f न तो एकैकी है और न आच्छादक है।

उत्तर-

d. f न तो एकैकी है और न आच्छादक है।

दिया है, f: R → R, यदि f(x) = x^4

$f(-1) = (-1)^4 = 1, f(1) = 1^4 = 1$

$f(-1) = f(1)$

-1 और 1 का प्रतिबिम्ब 1 है। इसलिए f एकैकी नहीं है।

सहप्रान्त का अवयव -1 प्रान्त के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है। इसलिए f आच्छादक नहीं है। अत: f न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है।

प्रश्न 12. मान लीजिए कि f(a) = 3x द्वारा परिभाषित फलन f : R → R है। सही उत्तर चुनिए:

a. f एकैकी आच्छादक है

b. f बहुएक आच्छादक है।

c. f एकैकी है परन्तु आच्छादक नहीं है

d. f न तो एकैकी है और न आच्छादक है।

उत्तर-

a. f एकैकी आच्छादक है

हल:

दिया है, f: R → R, f(x) = 3x द्वारा परिभाषित किया गया है

$f\{x_1\} = f\{x_2\}$

$\Rightarrow 3x_1 = 3x_2$

$\therefore x_1 = x_2$

अतः f एकैकी है

माना y = 3x

$\therefore x = \frac{y}{3}$

f(x) = 3x मे $x = \frac{y}{3}$ रखने पर,

$$f\left(\frac{y}{3}\right) = 3\left(\frac{y}{3}\right) = y$$

इससे सिद्ध होता है कि सहडोमेन R का स्वेच्छ अवयव y, डोमेन R के किसी-न-किसी अवयव का f-प्रतिबिम्ब अवश्य है। फलन f का परिसर = सहडोमेन R, फलन/ आच्छादक है। इसलिए f एकैकी तथा आच्छादक है।

प्रश्नावली 1.3 (पृष्ठ संख्या 20-22)

प्रश्न 1. मान लीजिए कि f:{1, 3, 4} → {1,2, 5} तथा f:{1,2, 5} → {1, 3}, f = {(1, 2), (3, 5), (4, 10} तथा g = {(1, 3), (2, 3), (5, 10} द्वारा प्रदत्त हैं। gof ज्ञात कीजिए।

उत्तर- दिया है, f:{1, 3, 4} → {1, 2, 5} तथा g:{1, 2, 5} → {1, 3}

f = {f(1, 2), (3, 5), (4, 1)}

g = {f(1, 3), (2, 3), (5, 1)}

∴ f(1) = 2, f(3) = 5, f(4) = 1

और g(1) = 3, g(2) = 3, g(5) = 1

gof(1) = g{f(1)} = g(2) = 3

gof(1) = g{f(3)} = g(5) = 1

gof(4) = g{f(4)} = g(1) = 3

gof = {(1, 3), (3, 1)(4, 3)}

